पत्रांक: **04/NULM–35/2016/.............../**न0वि0 एवं आ0वि0

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग।

प्रेषक,

प्रधान सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

निदेशक–सह NSS प्रभारी,
कला संस्कृति एवं युवा विभाग
बिहार।

विषय:–दीनदयाल अन्त्योदय–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) योजना के अन्तर्गत नगर निकाय स्तर संचालित आश्रय स्थलों का सोशल आडिट कराये जाने के सम्बन्ध में।

प्रसंग:–MoHUA का D.O-13011(1)/19/2018 UPA-II UD (FTS-9052623) दिनांक 18.10.2018.

पटना, दिनांक.....................

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय के सम्बन्ध में कहना है कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निदेशानुसार नगर निकाय एवं राज्य स्तर पर फरवरी, 2019 के प्रथम पखवाड़ा में शहरी समृद्धि उत्सव आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम में शहरी गरीबों को भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभ से उन्हें आच्छादित किया जाना है। शहरी समृद्धि पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों के साथ नगर निकायों में आश्रय विहिनों के आश्रय हेतु संचालित आश्रय स्थलों को निकटतम कालेजों/महाविद्यालयों से सम्बद्व करके, उस महाविद्यालय/कालेज के NSS छात्र के माध्यम से आश्रय स्थल का सोशल आडिट कराया जाना है। इस हेतु नगर निकायों के द्वारा संचालित आश्रय स्थलों के निकटतम चिन्हित कालेजों की सूची संलग्न करते हुए अनुरोध है कि नगर निकायों में संचालित आश्रय स्थलों का NSS छात्रों से फरवरी, 2019 के प्रथम पखवाड़ा में सोशल आडिट कराये जाने हेतु अपने स्तर से सभी सम्बन्धितों को निदेश दिये जाने की कृपा की जाय एवं सम्बन्धित नगर निकाय के पदाधिकारी एवं नगर मिशन प्रबन्धक भी इस कार्य हेतु सम्बद्ध महाविद्यालय के NSS प्रभारी के साथ समन्वय करेगें।

अनु0–यथोक्त

विश्वासभाजन
ह0/–

प्रधान सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक: **04/NULM–35/16**....296..................../न0वि0 एवं आ0वि0 दिनांक: 29/01/19

प्रतिलिपि:–

1. नगर आयुक्त, सभी नगर निगम/नगर कार्यपालक पदाधिकारी, सभी नगर परिषद् एवं नगर पंचायत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित,

29/1/2019
प्रधान सचिव